कार्रवाई

कॉबिंग गश्त के दौरान 50 वारंटी गिरफ्तार, 26 निगरानी बदमाशों की पुलिस ने की जांच

बदमाशों के ठिकानों पर पुलिस की दबिश

नवभारत, कटनी। जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधियों के मन में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात एक कांबिंग गस्त अभियान चलाया। अभियान का मुख्य केंद्र थाना माधव नगर रहा, जहां 170 से अधिक पुलिसकर्मियों ने एक साथ दबिश देकर जिले के फरार और आदतन अपराधियों की धरपकड़ की। अभियान की शुरुआत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया ने नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस बल को ब्रीफ किया। कार्रवाई के लिए 7 विशेष टीमों का गठन किया गया, जिसमें निरीक्षक और उप-निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को कमान सौंपी गई। इन टीमों ने माधव नगर की अलग-अलग बीटों में एक साथ दस्तक दी। पूरी रात चले इस सर्च ऑपरेशन के दौरान 50 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 14 स्थाई वारंटी और 36 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। 25 गुंडों और 26 निगरानी बदमाशों के ठिकानों पर अचानक दबिश देकर उनका सत्यापन किया गया। साथ ही तीन जिला बदर अपराधियों की भी चेकिंग की गई। आदतन अपराधियों के डोजियर भरे गए और दो या दो से अधिक अपराधों में संलिप्त बदमाशों को थाने बुलाकर सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस ने न सिर्फ वारंटियों को पकड़ा, बल्कि सड़क पर आवारागर्दी करने वालों को भी हिदायत दी है। अवैध शराब की बिक्री और सार्वजनिक सेवन के खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए। अवैध हथियार रखने वाले दो आरोपियों को पकड़कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, जबकि 34 चालान भी काटे गए। शहर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन, मुड़वारा, सलैया स्टेशन और बस स्टैंड पर संदिग्धों से पूछताछ की। इसके साथ ही रात्रि में सभी बैंकों और एटीएम बूथों की भी सुरक्षा जांच की गई।

फिटनेस और स्वच्छता का उत्सव राहगीरी डे आज

नवभारत, कटनी। नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आज रविवार 3 मई को भी सुबह सात बजे से साढ़े आठ बजे तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड अंतर्गत बरही रोड स्थित दुबे कालोनी मोड़ से दुर्गा चौक तक मार्ग में राहगीरी डे का आयोजन किया जाएगा। विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। नगर निगम का मानना है कि स्वच्छ वातावरण और नियमित शारीरिक गतिविधियां स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। इसी सोच के साथ राहगीरी डे को स्वच्छता, फिटनेस और सामाजिक सहभागिता के साझा मंच के रूप में विकसित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान योग, जुंबा सहित अन्य प्रतियोगिताओं कराई जाएंगी।

22 डॉक्टरों ने टटोली 500 कर्मचारियों की नब्ज

स्कूल परिसर में लगाया गया मेगा स्वास्थ्य शिविर

नवभारत, कटनी। नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों, निगम कर्मचारियों और अधिकारियों के स्वास्थ्य संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए केसीएस स्कूल परिसर में विशाल मेगा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में नगर के 22 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सहभागिता करते हुए 500 से अधिक सफाई मित्रों और निगम कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। शिविर में नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार की उपस्थिति में नगर के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में मधुमेह, एनीमिया, रक्तचाप, वजन परीक्षण, छाती का एक्स-रे, बलगम जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। इसके अतिरिक्त श्वसन रोग, त्वचा रोग, नेत्र रोग, अस्थि रोग, दंत रोग, मानसिक स्वास्थ्य, शिशु रोग और नाक-कान-गला संबंधी रोगों की विशेषज्ञ जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। आधुनिक चिकित्सीय उपकरणों और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की सहायता से प्रतिभागियों की जांच की गई। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सफाई मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

प्रतिदिन कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाले इन कर्मियों का स्वास्थ्य सुरक्षित रखना नगर निगम की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी है।

एक नजर में

शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश प्रकिया कल से

नवभारत, कटनी। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की प्रक्रिया 4 मई से शुरू होगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस आशय के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आरटीई के तहत प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। प्रथम चरण की प्रक्रिया के बाद जिन विद्यालयों में सीटें रिक्त रह गई हैं, उन सभी विद्यालयों को उनकी रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में कोई नया पंजीयन नहीं किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र के लिए सिर्फ उन्हीं आवेदकों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2026 को अवकाश निर्धारित होने और संशोधन के बाद 30 मार्च 2026 को अवकाश घोषित किए जाने के कारण कुछ अभिभावक अपने बच्चों का दस्तावेज़ सत्यापन निर्धारित समय पर नहीं करा सके। ऐसे में बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसे सभी आवेदकों को एक और अवसर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों ने इस सत्र में आवेदन किया है लेकिन सत्यापन नहीं करा पाए हैं, वे आवेदन के समय चयनित जनशिक्षा केंद्र पर जाकर सत्यापन करा सकते हैं। सत्यापन में पात्र पाए जाने पर संबंधित आवेदक द्वितीय चरण में स्कूलों की चॉइस अपडेट कर सकेंगे। द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। सभी जनशिक्षा केंद्रों पर सत्यापन कार्य के लिए अधिकतम दो सत्यापन अधिकारियों की उपस्थिति में कराया जाएगा। जनशिक्षकों को भी इस कार्य में लगाया जाएगा, जिससे निर्धारित समय-सीमा में आने वाले सभी आवेदकों का सत्यापन सुचारू रूप से किया जा सके। इसके अलावा किसी पालक को जनशिक्षा केंद्र पर सत्यापन कराने में किसी प्रकार की असुविधा होती है, वे संबंधित समन्वयक कार्यालय में जाकर सत्यापन करा सकते हैं।

ब्रिज के नीचे बग्घी खड़ा करने पर एक हजार का जुर्माना

नगर निगम की टीम ने हटाया अतिक्रमण

नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर शासकीय भूमि और नगर निगम संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत अमरगंज क्षेत्र में एमएसडब्ल्यू कचरा प्लांट पहुंच मार्ग के पास नगर निगम स्वामित्व की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि नगर निगम को अमीरगंज क्षेत्र में सूअर बाड़ा निर्माण और संबंधित व्यवस्थाओं के लिए भूमि आवंटित की गई है। आरक्षित भूमि के लगभग 15 बाई 30 फुट हिस्से पर अनधिकृत रूप से निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था को बनाए रखने खिरहनी ब्रिज के नीचे अवैध रूप से बग्घियां खड़ी कर मार्ग अवरुद्ध करने वाले संचालकों पर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे अव्यस्थित रूप से खड़ी बग्घियों के संचालकों पर एक हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए छात्रों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत ऑन द जॉब प्रशिक्षण शुरू

नवभारत, रीठी। व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने की दिशा में पहल करते हुए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीठी द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं के आईटी, आईटीईएस के छात्र-छात्राओं के लिए ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 1 मई 2026 से 20 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों को रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन्हें अस्पताल के ओपीडी कक्ष, आईसीयू रूम, महिला वार्ड, सामान्य वार्ड, प्रयोगशाला, प्रसूता वार्ड की जानकारी दी गई। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिला। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य भारत सिंह की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्यावसायिक प्रशिक्षक रेणुका पटेल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान नर्सिंग स्टाफ मनोज साहू द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है, जिससे वे अपने भविष्य के लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से निर्धारित कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान देना, तकनीकी कौशल विकसित करना, रोजगार के लिए तैयार करना है। विद्यार्थियों में इस कार्यक्रम के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है और वे नई-नई तकनीकी जानकारियां उत्साहपूर्वक सीख रहे हैं। विद्यालय परिवार द्वारा सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।

एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित किया गया कार्यक्रम

नवभारत, उमरियापान। जिले के ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत टोला के ग्राम टोला में शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 160 में लाड़ली उत्सव बेटियों के सपनों की नई उड़ान एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी आरती यादव और धरवारा सेक्टर सुपरवाइजर अंजना पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण मिश्रा और मिनी सहायिका देवकी लोधी की उपस्थिति में ग्राम की गर्भवती और धात्री महिलाओं सहित अन्य महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेटियों को प्रोत्साहित करना, उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम के दौरान लाड़ली बेटियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित बालिकाओं में नित्या, सुनीता, रामलखन लोधी, रूद्रान्शी, हर्षिता, पूर्वी, आब्या, वेदिका और श्रुति शामिल रहीं। कार्यक्रम में एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उपस्थित जनसमुदाय ने बेटियों के सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

आपसी समन्वय बनाकर मजबूत करें कांग्रेस संगठन

कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई बैठक

नवभारत, कटनी। जिला कांग्रेस कमेटी की समन्वय समिति की बैठक नवनियुक्त जिला प्रभारी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनु मिश्रा की अध्यक्षता में आस्था प्लाजा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने ब्लाक, मंडलम कमेटियों के गठन और आगामी चुनावी रणनीतियों पर बिन्दुवार चर्चा की गई। नवनियुक्त जिला प्रभारी मनु मिश्रा ने जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। साथ ही बीएलए को सक्रिय भूमिका निभाने पर बल दिया और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को विभिन्न क्षेत्रों की जिम्मेदारियां सौंपते हुए संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए। समन्वय समिति की बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, रामनरेश त्रिपाठी, प्रियदर्शन गौर, हरिशंकर शुक्ला, राजेश चौबे, जालिम यादव, राकेश जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा सहित काफी संख्या कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी को शिखर तक पहुंचाता है

भाजपा संगठन जिला प्रभारी ने आयोजित की बैठक

नवभारत, कटनी। भाजपा संगठन जिला प्रभारी सुजीत जैन तीन दिवसीय प्रवास के तहत शनिवार कटनी पहुंचे। प्रवास कार्यक्रम की शुरुआत बिलहरी में आयोजित बैठक से हुई। बैठक में जिला प्रभारी सुजीत जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व के प्रति सजग रहता है। जिलाध्यक्ष दीपक टडन ने कहा कि गांव से लेकर शहर तक हर कार्यकर्ता अपने समर्पण से पार्टी को लगातार शिखर पर पहुंचा रहा है। बहोरीबंद विधानसभा के बिलहरी मंडल की मासिक बैठक में मंडल प्रभारी श्रीमती सीमा जैन सोगानी, मंडल अध्यक्ष अमित पुरी सहित अन्य उपस्थिति रहे। बिलहरी दौरे के बाद जिला अध्यक्ष और संगठन प्रभारी माधवनगर मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल के निवास पर मंडल की बैठक में शामिल हुए रविवार को सुबह 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय में जिला अभ्यास वर्ग की दृष्टि से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग के लिए संचालन टोली की महत्वपूर्ण बैठक की जाएगी।

साढ़े तीन सौ महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

जिले को कैंसर मुक्त बनाने के लिए शुरू किया गया अभियान

नवभारत, कटनी। केंसर मुक्त भारत बनाने की दिशा में चलाई जा रही मुहिम में कटनी जिला भी शामिल हो गया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के प्रयासों से शेल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जबलपुर ने जिले को केंसर मुक्त बनाने के लिए अभियान की शुरूआत की है। इसी के तहत शनिवार को शेल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जबलपुर की टीम ने कटनी पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को केंसर की रोकथाम के लिए प्रशिक्षित किया। जिला पंचायत के सभागार में तीन चरणों में आयोजित किए गए प्रशिक्षण शिविर में करीब 350 महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर, शेल्बी हॉस्पिटल जबलपुर के सीईओ डॉ अंकित जैन, केंसर स्पेस्लिस्ट डॉ प्रशांत जैन, डॉ संजय जैन, मैनेजर संजय शर्मा सहित अन्य डॉक्टरों ने केंसर को लेकर जानकारियों दी। शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि केंसर सहित अन्य गंभीर किस्म की बीमारियों को लेकर अभी भी लोगों में जागरूकता का अभाव है। कई बार लोगों को बीमारी के बारे में उस समय पता चलता है, जब हाथ में कुछ नही रहता।

ऐसी स्थिति में मरीज की जिंदगी को बचाया नहीं जा सकता। उन्होने शेल्बी हॉस्पिटल की टीम में शामिल सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शेल्बी हॉस्पिटल के माध्यम से कटनी जिले में केंसर मरीजों को इसका फायदा मिलेगा। केंसर जैसी घातक बीमारी के खिलाफ यह मुहिम वरदान का काम करेगी।

समीक्षा

कलेक्टर ने की निर्माण और अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा, गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश

टीवीएम मशीन में ब्रेक डाउन नहीं हुआ तो दो माह में पूरा जाएगा टनल खनन का कार्य

नवभारत, कटनी। नर्मदा बरगी दायीं तट नहर की स्लीमनाबाद टनल खनन का मात्र 182 मीटर कार्य ही शेष बचा है। टीबीएम मशीन से प्रतिदिन औसतन टनल की 3 मीटर खुदाई हो रही है। टीवीएम मशीन में अगर किसी प्रकार का ब्रेकडाउन नहीं आया तो आगामी दो माह के भीतर टनल खनन का कार्य पूरा हो जाएगा। यह जानकारी कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और प्रगति की समीक्षा के दौरान दी गई। कलेक्टर ने बैठक में निर्माण विभागों को निर्देशित किया कि वे निर्माण एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए। समीक्षा के दौरान कार्यपालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण सहज श्रीवास्तव ने बताया कि दायीं तट नहर का कार्य पूरा हो जाने के बाद जिले की 21 हजार 823 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी। वहीं जबलपुर से सतना जिले तक टनल की लंबाई करीब 11 हजार 953 मीटर रूपांकित है। जिसमें से मात्र 182 मीटर टनल की ही खुदाई किया जाना शेष है। बैठक में ढ़ीमरखेड़ा माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने 4 किलोमीटर लंबी पाईप लेइंग का कार्य 15 मई तक पूरा कराने के निर्देश दिए। योजना के पूरा होने के बाद ढ़ीमरखेडा तहसील के 99 गांवों के 15 हजार 58 हेक्टेयर क्षेत्र कृषि भूमि की सिंचाई होगी। करीब 216 करोड़ रूपए की लागत वाली इस परियोजना से 5.36 क्यूमेक्स पानी नहरों में छोड़ा जाएगा। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री अनिल तिवारी को निर्देशित किया कि वे सैलारपुर पंप हाउस में बिजली कनेक्शन कराएं। बहोरीबंद सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त किया और कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी। इस उद्वहन सिंचाई योजना के पूरा हो जाने पर कटनी, रीठी, बहोरीबंद और स्लीमनाबाद तहसील की 46 हजार 716 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र की सिंचाई हो सकेगी। यह परियोजना वर्ष 2029 तक पूरा होना प्रस्तावित है। कलेक्टर ने बरगी दायीं तट नहर से निकलने वाली विजयराघवगढ़ शाखा नहर की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि इसका 90 फीसदी कार्य पूर्ण हो गया है। शेष कार्य प्रगति पर है। इस शाखा नहर के कार्य के पूरा हो जाने के बाद इस अंचल की 15 हजार 788 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र की सिंचाई हो सकेगी। अपर नर्मदा बरगी दायीं तट के मुख्य नहर से कटनी शहर के लिए प्रस्तावित पेयजल आपूर्ति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नगर निगम अधिकारियों को ग्राम घिनौची के पास से नहर के द्वारा कटनी नदी में छोड़े जाने वाले पानी के कटनी नदी तक पहुंचने के मार्ग में पड़ने वाले घिनौची नाला के पक्के निर्माण कार्य के लिए ड्राइंग डिजाइन अभी से तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि टनल की खुदाई पूरा होने के बाद नहर से पानी छोड़े जाने पर घिनौची नाला से पानी का रिसाव नहीं हो।

एसआई नेहा मोर्य को बनाया गया बस स्टैंड चौकी प्रभारी

नवभारत, कटनी। जिला पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु विश्वकर्मा ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं में कसावट लाने के उद्देश्य से शनिवार को एक नया आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत बस स्टैंड चौकी प्रभारी के रिक्त पद पर नई नियुक्ति की गई है। पिछले दिनों सिद्धार्थ राय के लाइन अटैच होने के बाद से बस स्टैंड चौकी प्रभारी का महत्वपूर्ण पद रिक्त चल रहा था। व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली थाने में पदस्थ उप निरीक्षक नेहा मौर्य को बस स्टैंड चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया है। शहर का मुख्य बस स्टैंड होने के कारण यह क्षेत्र सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील है। सिद्धार्थ राय के जाने के बाद खाली हुए इस पद पर एसआई नेहा मौर्य की नियुक्ति से अब क्षेत्र की कानून व्यवस्था में निरंतरता आएगी। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से पदभार ग्रहण कर कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश की जानकारी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को दे दी गई है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेटकी सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024